हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि
रोहतक, शनिवार, 12 अप्रैल, 2025

तापमान
अधिकतम 34.1 डिग्री
न्यूनतम 19.2 डिग्री

10 जीवन में आगे बढ़ने के लिए शिक्षा के साथ खेल भी जरूरी



10 स्वच्छता के लिए छात्राओं को किया गया जागरूक



## खबर संक्षेप

### गाड़ी पर फायर करने के दो आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना नारायणगढ़ में दर्ज गाड़ी पर फायर करने के मामले में सीआईए-1 ने आरोपी सोहन लाल उर्फ सोनू व दीपक उर्फ गागी को गिरफ्तार किया है। आरोपी सोहन लाल उर्फ सोनू को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। जबकि दूसरे आरोपी दीपक को पांच दिन के रिमांड पर लिया गया है। मामले में संलिप्त अब तक कुल 4 आरोपियों गिरफ्तार किया जा चुका है। पंजलासा के ललित ने 21 मार्च 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि गांव नारायणगढ़ में आरोपियों ने उसकी गाड़ी पर फायरिंग की हे। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

### फर्जी जमानत करवाने का आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना अंबाला शहर में दर्ज फर्जी जमानत देने के मामले में पुलिस ने आरोपी मनमोहन सिंह को गिरफ्तार किया है। मामले में संलिप्त एक आरोपी को पहले गिरफ्तार किया जा चुका है। न्यायालय के रीडर ने 24 मार्च 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 24 मार्च 2025 को आरोपी संदीप कुमार व अन्य ने माननीय न्यायालय में फर्जी दस्तावेजों के आधार पर थाना महेशनगर में दर्ज नशा तस्करी के मामले में गिरफ्तार आरोपी विकास की जमानत देने की धोखाधड़ी करने का आपराधिक कार्य किया है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

### चोरी के मामले में दो काबू, रिमांड पर लिए

**अंबाला।** थाना नारायणगढ़ में दर्ज चोरी के मामले में पुलिस ने आरोपी आशीफ खान व तालिब को गिरफ्तार किया है। आरोपियों को एक दिन के रिमांड पर लिया गया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि आरोपी आशीफ खान व तालिब पिकअप में चोरीशुदा खैर की लकड़ी भरकर साढौरा यमुनानगर की तरफ से पंचकुला जाएंगे। पुलिस ने आरोपियों को गांव गधौली बस स्टैंड के पास नाकाबंदी कर काबू किया था। तलाशी के दौरान पुलिस ने गाड़ी से 1480 किलोग्राम खैर की लकड़ी बरामद की थी।

### नौल्था में छत से गिरकर सुपरवाइजर की मौत

**पानीपत।** पानीपत के गांव नौल्था स्थित एक प्राइवेट फैक्ट्री में सुपरवाइजर सुकपरित दत्ता निवासी आठ मरला, पानीपत की छत से नीचे गिरने से मौत हो गई। इसराना पुलिस ने दत्ता के शव को जांच के बाद पोस्टमार्टम के लिए पानीपत के सिविल अस्पताल भिजवा कर इस मामले की जांच शुरू कर दी है।

### मादक पदार्थ के चार तस्कर पकडे

**पानीपत।** सीआईए वन पुलिस टीम ने टोल प्लाजा के पास महिंद्रा टीयूवी गाड़ी सवार चार नशा तस्करों को जगदीश पुत्र शरणदास निवासी टीकरी, पूर्णचंद उर्फ पिंकू पुत्र नीलमंणी निवासी गांव नंदी, भूपेंद्र पुत्र चुडामंडी निवासी गांव चवाडी व गनदीप उर्फ गगन निवासी गांव बटांद जिला मंडी हिमाचल को 1 किलो 400 ग्राम चरस के साथ गिरफ्तार किया है। बरामद हुआ है। पुलिस अधीक्षक लोकेंद्र सिंह ने प्रेस वार्ता में बताया कि पूर्णचंद उर्फ पिंकू को पांच दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया।

### मजदूर ने की थी डेयरी संचालक की हत्या

**पानीपत।** पुलिस अधीक्षक लोकेंद्र सिंह ने बताया कि हरि सिंह कॉलोनी में डेयरी संचालक जल सिंह की हत्या की तारा सिंह उर्फ आशीष निवासी कनसूरी यूपी हाल किरायेदार जावा कॉलोनी ने की थी। जल सिंह, तारा पर अपनी दूध डेयरी में मजदूरी करवाता था। वहीं मजदूरी नहीं देने से नाराज होकर तारा सिंह ने जल सिंह के सिर में ईंट मार कर उसकी हत्या कर दी थी। सीआईए वन प्रभारी इंस्पेक्टर संदीप की टीम ने आरोपी को पकड़ा है।

निजी स्कूलों की मनमानी पर जागी प्रदेश सरकार

# विद्यार्थियों को अनावश्यक सामग्री थोपने वाले स्कूलों पर होगी कार्रवाई

- शिकायत करने के लिए ईमेल आईडी व फोन नंबर किया जारी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बराड़ा

प्रदेश सरकार ने निजी स्कूलों की मनमानी पर रोक लगाने के लिए सख्त रुख अपना ही लिया। शुक्रवार को सरकार ने निजी स्कूलों की ओर से अभिभावकों व स्टूडेंट्स पर अनावश्यक सामग्री थोपने की प्रवृत्ति पर कड़ी रोक लगाने के लिए आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी है। शिक्षा विभाग ने निजी स्कूलों को स्पष्ट निर्देश दिए है कि वे अपने स्कूल में केवल एनसीईआरटी ओर सीबीएसई द्वारा मान्यता प्राप्त पाठ्य पुस्तकें ही लगवा सकते हैं। किसी अन्य प्राइवेट प्रकाशकों द्वारा प्रकाशित कोई गैर-आवश्यक सामग्री नहीं।

### परिवादी की पहचान रखी जाएगी गोपनीय

विभाग द्वारा जारी विज्ञप्ति में कहा गया है कि सीएम , शिक्षा मंत्री व विद्यालय शिक्षा विभाग को प्राइवेट स्कूलों की मनमानी की लगातार शिकायतें मिल रही थी। जिसमें कहा गया था कि कुछ स्कूल बच्चों को महंगी व अनावश्यक किताबें, वर्कबुक्स और अन्य सामग्री खरीदने के लिए मजबूर कर रहे हैं। मामला मुख्यमंत्री और शिक्षा मंत्री के संज्ञान में आने के बाद विभाग ने सख्त कार्रवाई का निर्णय लिया। शिक्षा विभाग ने हरियाणा विद्यालय शिक्षा नियमावली, 2003 के नियम 158 की धारा 6 व 7 का हवाला देते हुए स्पष्ट किया है कि कोई भी स्कूल स्टूडेंट्स को किसी विशेष दुकान से किताबें, यूनिफॉर्म या अन्य सामान खरीदने के लिए बाध्य नहीं कर सकता। इसके इलावा कोई भी स्कूल 5 साल से पहले यूनिफॉर्म बदलने के लिए अभिभावकों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ नहीं डाल सकते। विभाग की ओर से जारी पत्र में कहा गया है कि यदि कोई स्कूल इन नियमों का उल्लंघन करता है, तो अभिभावक विभाग की ईमेल एसईपीएस13 एट द रेट जीमेल डॉट कॉम या फोन नंबर 0172-5049801 पर किसी भी कार्यदिवस में सुबह 9:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक कर सकता है। शिकायत में स्कूल का नाम, स्थान, जिला, बच्चे का नाम और कक्षा का विवरण देना होगा। शिकायतकर्ता की जानकारी को गुप्त रखा जाएगा। सभी जिला स्तर के शिक्षा अधिकारियों को इस बारे में जागरूकता फैलाने को कहा गया है।

### स्कूलों की मान्यता हो सकती रद

शिक्षा विभाग ने चेतावनी दी है कि यदि कोई स्कूल इन निर्देशों का पालन नहीं करता है, तो हरियाणा विद्यालय शिक्षा अधिनियम, 1996 और आर टी ई एक्ट 2009 के तहत उसकी मान्यता रद्द की जा सकती है। सरकार के इस कदम से अभिभावकों को काफी राहत मिली है। अभिभावकों की माने तो निजी स्कूल अक्सर महंगी किताबें और सामग्री खरीदने के लिए दबाव बनाते थे, जिससे उन पर आर्थिक बोझ पड़ता था। अब सरकार के हस्तक्षेप के बाद उन्हें उम्मीद है कि स्कूल मनमानी नहीं कर पाएंगे। अभिभावकों का कहना है कि हरियाणा सरकार का यह कदम छात्रों और अभिभावकों के हितों की रक्षा करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कार्यवाही है। सभी निजी स्कूलों से अपेक्षा की गई है कि वे विभाग के निर्देशों का पालन करेंगे।

### कोई भी पीड़ित कर सकता है शिकायत

हमने पहले ही अपने स्तर पर भी ईमेल आईडी जारी कर रखी है। जहां कोई भी पीड़ित शिकायत कर सकता है। इसके अतिरिक्त हमने सभी खंड शिक्षा अधिकारियों के मोबाइल नंबर भी सार्वजनिक कर दिए हैं। जिलेभर के तमाम स्कूलों में विभागीय आदेशों की दृढ़ता से पालना करवाई जाएगी।
- सुधीर कालड़ा, जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी।

करनाल प्रवास पर पहुंचे केंद्रीय मंत्री ने की मीडिया से वार्ता

# पीएम नरेंद्र मोदी प्रदेश को देंगे बड़े प्रोजेक्ट की सौगात : मनोहर लाल

14 अप्रैल को हिसार और यमुनानगर आएंगे पीएम मोदी

- हिसार एयरपोर्ट से पहली उड़ान अयोध्या के लिए होगी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| करनाल



केंद्रीय बिजली, आवास एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल शुक्रवार को करनाल पहुंचे। यहां उन्होंने मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 14 अप्रैल को हरियाणा आ रहे हैं और प्रदेश के अनेक बड़े प्रोजेक्ट की सौगात देंगे।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हिसार और यमुनानगर आ रहे हैं। हिसार में वह पहले हिसार एयरपोर्ट की सौगात प्रदेशवासियों को देंगे। वहां से पहली फ्लाइट अयोध्या के लिए रवाना होगी। इसके अतिरिक्त भी जो फ्लाइट वहां से रवाना होनी है, उनकी रूपरेखा बनाई जा रही है। हिसार का एयरपोर्ट हरियाणा का पहला अपना एयरपोर्ट होगा। केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने कहा कि इसके अतिरिक्त प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी यमुनानगर में 800 मेगावाट का थर्मल प्लॉट का शिलान्यास होने जा रहा है। पहले से 600 मेगावाट के प्लॉट वहां लगे हुए हैं। इससे प्रदेश की बिजली सप्लाई और अच्छी होगी।

#### वक्फ बिल से मुस्लिम खुश

केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने कहा कि वक्फ बिल संशोधन के बाद अब वक्फ बोर्ड की जमीनों पर किसी तरह का कोई झगड़ा नहीं होगा। पिछली जो जमीनें झगड़े में हैं, उनका निपटारा भी अब अच्छे से किया जा सकेगा। पहले वक्फ बोर्ड के फैसले के खिलाफ कोर्ट में अपील भी नहीं की जा सकती थी लेकिन अब संशोधन के बाद कोई भी व्यक्ति वक्फ बोर्ड के फैसले के खिलाफ कोर्ट जा सकता है।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि वक्फ बिल पर मुस्लिम समाज खुश है। समाज के हित में यह संशोधन हुआ है, जिससे समाज को ही लाभ मिलेगा।

#### ये रहे मौजूद

इस मौके पर इंद्री के विधायक रामकुमार कश्यप, नीलोखेड़ी के विधायक भगवानदास कबीरपंथी, विधायक जगमोहन आनंद, करनाल की मेयर रेनू बाला गुप्ता, पूर्व कार्यकारी जिलाध्यक्ष बृज गुप्ता, केंद्रीय मंत्री के प्रतिनिधि कविंद्र राणा, एचएसएससी के सदस्य कपिल अत्रेजा, करनाल के डीसी उत्तम सिंह, करनाल के एसपी गंगाराम पूनिया व अन्य वरिष्ठ जन मौजूद रहे।

# मनरेगा मजदूर यूनियन ने सीएम के नाम सौंपा ज्ञापन



- समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो विरोध स्वरूप राज्य व्यापी आंदोलन किया जाएगा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कुरुक्षेत्र

मनरेगा मजदूर यूनियन की राज्य कमेटी के एक 8 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के कुरुक्षेत्र स्थित निवास पर मुख्यमंत्री हरियाणा के नाम प्रदेश के मनरेगा मजदूरों की समस्याओं के समाधान करवाने के लिए मांगपत्र सौंपा।

प्रतिनिधिमंडल में राज्य प्रधान नरेश कुमार व सलाहकार कामरेड फूल सिंह, उप-प्रधान राजेन्द्र बसतली, महासचिव सोमनाथ, सचिव सुनहरा सिंह, बबली राज्य कमेटी सदस्य, मेवा राम जिला प्रधान कुरुक्षेत्र, जोगिंदर सिंह जिला प्रधान कैथल शामिल रहे। मांगपत्र मुख्यमंत्री के कार्यालय सचिव कैलाश सैनी को सौंपा। मांगपत्र सौंपने के बाद शहीद भगत सिंह दिशा संस्थान कुरुक्षेत्र में मनरेगा मजदूर यूनियन की राज्य कमेटी की मीटिंग हुई। मीटिंग में फैसला हुआ कि यदि मुख्यमंत्री शीघ्र ही यूनियन के साथ वार्ता करके मनरेगा मजदूरों की समस्याओं का समाधान नहीं करते हैं तो विरोध स्वरूप राज्य व्यापी आंदोलन किया जाएगा।

#### एक मई को प्रदर्शन

यूनियन जिलावाइज एक मई अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस के अवसर पर सभाएं और प्रदर्शन करेगी और मनरेगा मजदूरों की समस्याओं के साथ-साथ मोदी सरकार द्वारा बनाई गई मजदूर विरोधी श्रम संहिताओं, निजीकरण, सरकार की तानाशाहीपूर्ण फासीवादी तरीके का विरोध करेगी।

### विवाहिता ने फांसी लगा जीवनलीला की समाप्त

**यमुनानगर।** थाना छप्पर में एक महिला ने बीती रात संदिग्ध हालत में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी।

जानकारी के अनुसार शहर के चिट्टा मंदिर रोड निवासी 22 वर्षीय पायल की शादी 2020 में थाना छप्पर के देविंद्र के साथ हुई थी। उसके पास दो बच्चे भी है। परिवार के सभी सदस्य रात को खाना खाकर सो गए थे। सुबह जब परिवार के सदस्य उठे तो उन्हें पायल फंदे पर लटकी मिली। परिजनों ने इसकी सूचना पुलिस को दी।

पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को नीचे उतारा। पुलिस ने फोरेसिंग टीम को मौके पर बुलाया और जरूरी सबूत जुटाए।

# बीज-खाद विक्रेताओं ने हड़ताल वापस ली

- आज से खुलेंगी दुकानें, भाजपा प्रदेशाध्यक्ष के आश्वासन पर माने

हरिभूमि न्यूज ▸▸| करनाल

भारतीय जनता पार्टी के हरियाणा प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली ने प्रदेश के दवा, खाद व बीज विक्रेताओं की मांगों का समाधान करने का आश्वासन दिया है। शुक्रवार को प्रदेश अध्यक्ष ने विक्रेताओं से कहा कि 15 अप्रैल को आपकी कमेटी की बातचीत मुख्यमंत्री से सोनीपत या चंडीगढ़ में करवाई जाएगी।

मांगों पर विचार करते हुए सभी मांगों का समाधान करने का हर संभव प्रयास किया जाएगा। इसके बाद एग्रो इनपुट डीलर्स एसोसिएशन हरियाणा ने सभी विक्रेताओं से हड़ताल खोलने का आह्वान किया। इस बाबत पूरे प्रदेश में सभी विक्रेताओं को एक पत्र शाम को जारी कर दिया गया।

इधर जिला करनाल फर्टिलाइजर, पेस्टीसाइड एवं सीड ट्रेडर्ज एसोसिएशन के जिला प्रधान रामकुमार गुप्ता ने कहा कि भाजपा प्रदेश अध्यक्ष द्वारा आश्वासन देने से विक्रेता संतुष्ट हुए हैं और हड़ताल वापस लेने का निर्णय ले लिया है। करनाल सहित पूरे प्रदेश में कल से दुकानें सुचारू रूप से खोल दी जाएंगी। 15 अप्रैल को मुख्यमंत्री से कमेटी की वार्ता के बाद आगामी फैसला लिया जाएगा।

### कुवि ने घोषित किए 10 परीक्षाओं के परिणाम

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के की परीक्षा शाखा द्वारा 10 परीक्षाओं के परिणाम घोषित किए गए हैं। दिसम्बर 2024 में आयोजित बीटीटीएम 5वां सेमेस्टर सीबीसीएस, एम.एससी. (भौतिकी) प्रथम सेमेस्टर (एनईपी), एमएससी. (भौतिकी) तीसरा सेमेस्टर (एनईपी), एम.ए. (अंग्रेजी) पहला सेमेस्टर, एम.ए. (अंग्रेजी) तीसरा सेमेस्टर, एम.ए. (पत्रकारिता और जनसंचार) पहला सेमेस्टर, एम.ए. (पत्रकारिता और जनसंचार) तीसरा सेमेस्टर तथा एम.ए. (पंजाबी) पहला सेमेस्टर (एनईपी) परीक्षाओं के परिणाम घोषित किए गए हैं। जनवरी 2024 में आयोजित बी.कॉम तृतीय सेमेस्टर (एनईपी) तथा मई 2024 में आयोजित बी.कॉम चतुर्थ सेमेस्टर (एनईपी) का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया है।

# आस्ट्रेलिया भेजने के नाम पर युवक से हड़पे 11 लाख रुपये

- पुलिस ने आरोपी व्यक्ति के खिलाफ किया धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▸▸| यमुनानगर

गांव सलेमपुर बांगर निवासी योनिश मलिक को आस्ट्रेलिया भेजने के नाम पर 11 लाख रुपये हड़प लिए गए। आरोप पंजाब के जिला पटियाला के गनौर निवासी गुरप्रीत सिंह पर लगा है। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

सलेमपुर बांगर निवासी योनिश ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह पढ़ाई के लिए आस्ट्रेलिया जाना चाहता था। इस दौरान उसने आरोपी की मोबाइल पर एड देखी। जिसमें आरोपी ने बताया था कि वह बहुत कम समय में युवाओं को पढ़ाई के लिए आस्ट्रेलिया भेज देते हैं। इसके बाद वह अपने पिता के साथ पटियाला स्थित आरोपी के कार्यालय में गया। आरोपी ने उसे बताया कि उसका आस्ट्रेलिया के लिए 11 से 12 लाख रुपये का खर्च आएगा। वह आरोपी की बातों में आ गया। आरोपी ने उसे शुरू में डेढ़ लाख रुपये, पासपोर्ट व अन्य दस्तावेज मांगे। उसने आरोपी को पैसे व दस्तावेज दे दिए। इसके बाद आरोपी ने विश्वास जीतने के लिए 15 दिन में भी ऑफर लेटर व मेडिकल करवा दिया। इसके बाद आरोपी ने उससे धीरे-धीरे करके 11 लाख चार हजार रुपये ले लिए। मगर इसके बाद आरोपी ने उसे वीजा नहीं दिया। जब उसने आरोपी से बात की तो उसने कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया।

#### पैसे मांगने पर जान से मारने की धमकी

वह आरोपी के कार्यालय में गया तो वहां पर ताला लगा था। पता चला कि आरोपी 20 दिन पहले ही ताला लगाकर कहीं चले गए हैं। उसने आरोपी से संपर्क किया तो उसने आस्ट्रेलिया भेजने से मना कर दिया। पैसे वापस मांगने पर आरोपी ने उसे जान से मारने की धमकी दी।

उत्तराखंड के राज्यमंत्री श्यामवीर सैनी का रादौर में किया स्वागत

# गन्ना उत्पादक किसानों को दे रहे बेहतर दाम

- हरियाणा व उत्तराखंड दोनों राज्यों का आपस में गहरा संबंध : सैनी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रादौर



मुनानगर। रादौर में उत्तराखंड के गन्ना राज्यमंत्री श्यामवीर सैनी का जाटनगर में स्वागत करते हुए गणमान्य।

उत्तराखंड के गन्ना राज्यमंत्री श्यामवीर सैनी ने कहा कि हरियाणा व उत्तराखंड की भाजपा सरकारें गन्ना उत्पादक किसानों को उनके गन्ने की फसल के बेहतर दाम दे रही हैं। उन्होंने उक्त शब्द रादौर के जाट नगर में आयोजित स्वागत कार्यक्रम में कहे।

इस मौके पर उनका अखिल भारतीय जाट महासभा के जिला प्रधान एडवोकेट सुरेशपाल बंचल व सैनी समाज के प्रधान संदीप सैनी समेत स्थानीय लोगों ने बुके भेंटकर जोरदार स्वागत किया। उत्तराखंड के गन्ना राज्यमंत्री श्यामवीर सैनी ने कहा कि हरियाणा में मुख्यमंत्री नायब सैनी सरकार में प्रदेश का समुचित विकास हुआ है। सरकार किसानों के हितों के लिए बढ़ चढ़कर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड सरकार गन्ने की पैदावार को बढ़ाने के लिए किसानों को अनेक सुविधाएं दे रही हैं। जिससे प्रदेश में गन्ने की खेती को बढ़ावा दिया जा सके। हरियाणा व उत्तराखंड की सीमाएं आपस में मिली हुई हैं। दोनो राज्यों का आपस में गहरा संबंध है। उत्तराखंड देवभूमि होने के कारण हर वर्ष हरियाणा से भारी संख्या में श्रद्वालु चार धाम यात्रा करने के लिए उत्तराखंड आते हैं। चार धाम यात्रा को सुगम बनाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कड़े प्रयास कर रहे हैं। उनके प्रयासों से चारधाम यात्रा सुगम हो गई है। चारधाम यात्रा के सड़क मार्गो को चौड़ा किया गया है। जिससे अब श्रद्वालुओं को चारधाम यात्रा करने के लिए कम समय लगता है। इस अवसर पर मोहनलाल अरोड़ा, देवीदयाल अरोड़ा, भारत माटिया, संदीप सैनी, राजकुमार राहिला, हर्ष बंचल आदि मौके पर मौजूद रहे।

# डंपर की चपेट में आने से बाइक चालक की मौत

- बाइक पर बर्तन बेचने का काम करता था मृतक युवक

हरिभूमि न्यूज ▸▸| यमुनानगर

साढौरा कालाआम रोड पर पहाड़ीपुर नाके के पास डंपर की चपेट में आने से बाइक चालक युवक की मौत हो गई। मृतक युवक बाइक पर फेरी लगाकर बर्तन बेचने का काम करता था। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने अज्ञात डंपर चालक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

उत्तर प्रदेश के जिला अलीगढ़ निवासी सागर ने शिकायत में बताया कि वह चार भाई बिलासपुर में राधा स्वामी कॉलोनी में किराए के मकान में रहते हैं। वह सभी बाइक पर फेरी लगाकर बर्तन बेचने का काम करते हैं। वीरवार को उसका भाई शुभम बाइक पर बर्तन रखकर फेरी लगाने के लिए गया था।

#### बाइक भी क्षतिग्रस्त

शाम को जब वह काम खत्म करके घर लौट रहा था तो पहाड़ीपुर नाके के पास तेज गति से आ रहे डंपर ने उसके भाई की बाइक को टक्कर मार दी। जिससे उसका भाई घायल हो गया और उसकी बाइक भी टूट गई। हादसे के बाद आरोपी डंपर चालक मौके से फरार हो गया। हादसे की सूचना मिलते ही वह मौके पर पहुंचे। उसने अपने भाई को अस्पताल में भर्ती करवाया। जहां डॉक्टरों ने उसके भाई की गंभीर हालत को देखते हुए उसे मृत घोषित कर दिया।

## खबर संक्षेप

### बैसाखी पर्व और हनुमान जयंती पर कार्यक्रम

**तरावड़ी।** एसएमएस मेमोरियल पब्लिक स्कूल में बैसाखी और हनुमान जयंती का त्योहार बड़े हर्षोल्लास के साथ विद्यालय के प्रांगण में मनाया गया। विद्यार्थियों ने जहां हनुमान जयंती के उपलक्ष्य में हनुमान चालीसा का सस्वर वाचन किया वहीं पर बैसाखी में नन्हे मुन्ने छात्र छात्राओं ने रंग बिखेरे । नन्हे मुन्ने विद्यार्थी रंग बिरंगे परिधानों में बहुत सुंदर लग रहे थे । विद्यालय की प्राचार्या डॉ विभा कौशिक ने सभी को हनुमान जयंती और बैसाखी की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि त्योहार चाहे किसी भी धर्म का हो, सभी धर्म और जाति के लोग इन्हें मिलजुल कर मनाते हैं। सभी लोग आपसी भेदभाव को भुलाकर इन त्योहारों का एक साथ आनंद लेते है।

### मेधावी छात्राओं को दिए एक्सीलेंस अवार्ड

**करनाल।** एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ इंडिया द्वारा गवर्मेंट गर्ल्स मॉडल संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल, रेलवे रोड में एक्सीलेंस स्टूडेंट अवॉर्ड समारोह का भव्य आयोजन नैशनल सुप्रीमो नरेंद्र अरोड़ा की अध्यक्षता में हुआ। इस अवसर पर स्कूल की प्रत्येक कक्षा के टॉपर्स को स्टूडेंट एक्सीलेंस अवार्ड से ट्रॉफी एवं सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर नरेंद्र अरोड़ा ने कहा कि सच्चाई और ईमानदारी से पढ़ाई करने वाले विद्यार्थी ही टॉप करते हैं। उन्होंने कहा कि फाउंडेशन पूरे देश में सच्चाई और ईमानदारी का प्रचार प्रसार कर रहा है।

### गीता मॉडर्न स्कूल में मनाया बैसाखी पर्व

**तरावड़ी।** गीता मॉडर्न सीनियर सेकेंडरी स्कूल में बैसाखी का पर्व बड़ी धूमधाम और हर्षोल्लास से मनाया गया । इस अवसर पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने विभिन्न रंगारंग एवं मनभावन सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। बच्चों ने मधुर स्वर में कविताएं, पंजाबी लोकगीत ,शब्द कीर्तन, पंजाबी भांगड़ा,पंजाबी गिद्दा प्रस्तुत किया । विद्यालय के प्रबंधक बालकृष्ण त्रिपाठी ने बच्चों को भीमराव अंबेडकर के जीवन के बारे में बताया एवं प्रधानाचार्य रागिनी राय ने सभी बच्चों, अभिभावकों और संपूर्ण स्टाफ को बैसाखी पर्व की बधाई दी।

### एचआईवी जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**इंद्री।** शहीद उधम सिंह राजकीय महाविद्यालय मटक माजरी इंद्री में विश्व स्वास्थ्य दिवस के उपलक्ष्य में एचआईवी/एड्स जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन रेड रिबन क्लब एवं रेड क्रॉस सोसायटी की प्रभारी डॉ रीटा अरोड़ा और कमेटी सदस्यों द्वारा किया गया । कार्यक्रम की मुख्य वक्ता डॉ. सविता रानी ने एचआईवी/एड्स के कारण, लक्षण, रोकथाम को लेकर विस्तार पूर्वक व्याख्यान दिया।

### बच्चों के विकास का आधार बने प्ले स्कूल

**इंद्री।** महिला और बाल विकास विभाग इंद्री द्वारा गांव मनोहरपुर स्थित प्ले आंगनवाड़ी में रेडीनेस मेले, कुआं पूजन और पोषण पखवाड़े का आयोजन सुपरवाइजर सुमन की अध्यक्षता में किया गया। मेले में नन्हें बच्चों व उनके अभिभावकों ने उत्साह के साथ हिस्सा लिया और बच्चों को विभिन्न प्रकार के खेल और सीखने की गतिविधियां आयोजित की गई। कार्यक्रम में दीपा, दीप्ति, अश्वनी कुमार व राज्य युवा अवार्डी नीरू देवी ने मुख्य रूप से शिरकत की और बच्चों व महिलाओं को प्रोत्साहित किया। नीरू देवी ने बताया कि अब आंगनबाड़ी केंद्रों को प्ले स्कूल के रूप में विकसित किया जा रहा है। बच्चों को स्कूल भेजने से पहले मानसिक, शारीरिक और सामाजिक रूप से तैयार किया जा रहा है। अब ये केंद्र केवल पोषण तक सीमित नहीं है, बल्कि बच्चों के सर्वांगीण विकास का आधार बन चुके है। आंगनवाड़ी वर्कर डॉली और सुपरवाइजर सुमन ने बताया कि आंगनबाड़ी वर्कर खेल-खेल में बच्चों की शिक्षा की नींव मजबूत कर रही है। कार्यक्रम में शारीरिक, सामाजिक, भावनात्मक, बौद्धिक, भाषा और रचनात्मक विकास से जुड़े स्टॉल लगाए गए।

### सामाजिकता के महानायक महात्मा फुले को चौक पर पुष्पांजली दी गई

# महिलाओं को बराबरी का अधिकार दिलाने के समर्थक थे फुलेः विधायक

सैनी सभा के कार्यक्रम में बोल विधायक जल्द ही सौंदर्यी करण कार्य करवाकर महात्मा फुले चौक पर मूर्ति स्थापित की जाएगी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

महिला शिक्षा के उत्थान के प्रमुख आधार स्तंभ और समाज में सुधर कुरीतियों के खिलाफ लडऩे वाले समाज सुधारक महात्मा ज्योति बा फुले की 199 वीं जयंती पर उन्हें याद किया गया। महात्मा फुले चौक पर उनको भावभीनी पुष्पांजली दी गई। करनाल में हांसी चौक पर स्थित महात्मा ज्योति बा फुले चौक पर सर्व समाज द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महात्मा फुले की तस्वीर पर विधायक जगमोहन आनंद , मेयर रेनूवाला गुप्ता,भाजपा के जिलाध्यक्ष प्रवीण लाठर पूर्व डिप्टी मेयर राजेश अघ्घी , राष्ट्रीय सैनी सभा के हरियाणा प्रदेशाध्यक्ष रमेश सैनी, एनडीआरआई के प्रधान वैज्ञानिक डा. दुरवा मालेकर,राष्ट्रीय सैनी सभा के जिला महासचिव रणधीर सैनी, सुनीता परौचा, अमर सियंह पातलान, अमित सैनी, राजेंद्र शर्मा, गोपाल संहोत्रा दया प्रकाश, अशोक दुगल,अनिल शर्मा, ईशम यिंह पूर्व सरपंच समौरा बाबू राम सैनी, रविंद्र सैनी, विनोद कृष्ण सैनी, धनपत चौहान, शहर कें सभी सामाजिक राजनीतिक संगठनों के पदाधिकारियों तथा अन्य समाजसेवियों ने माल्यार्पण किया गया। इस अवसर पर विधायक जगमोहन आनंद ने कहा कि महात्मा फुले महिला शिक्षा के असली सूत्रधार थे। उन्होंने कहा कि जल्द ही महात्मा फुले चौक का सौंदयीकरण करवा कर यहां महात्मा फुले की प्रतिमा प्रतिष्ठित की जाएगी। इस अवसर पर मेयर रेनू वाला गुप्ता ने कहा कि महिलाओं की शिक्षा और उनकी स्थिति मे सुधार के लिए महात्मा फुले के योगदान को हमेशा याद किया जाएगा। इस अवसर पर राष्ट्रीय सैनी सभा के हरियाणा प्रदेशाध्यक्ष रमेश सैनी ने कहा कि देश में शिक्षा के प्रचार के लिए देश में पहली बार महात्मा फुले ने संघर्ष की शुरूआत की थी। इस मार्ग पर आगे बढ़ी उनकी पत्नी सावित्री वाई फुले । उन्होंने कहा कि आज देश के लोगों को महात्मा फुले के बताए मार्ग पर चलने की जरूरत हैं। उन्होंने कहा कि देश के शिक्षण संसथानों के नाम महात्मा फुले के नाम पर रखने की जरूरत हैं। मेयर रेनू वाला गुप्ता ने कहा कि महात्मा फुले की बदौलत आज हम प्रगतिशील समाज में रह रहे हैं। आज जिस तरह से महिलाए हर क्षेत्र में आगे हैं। वह सब महात्मा फुले की देन हैं। इस अवसर पर राष्ट्रीय सैनी सभा के जिला महासचिव रण्धीर सैनी ने कहा कि डा. अंबेदकर भी महात्मा फुले की विचारधारा से प्रभावित थे। उन्होंने कहा कि चौक पर जल्द ही महात्मा फुले की प्रतिमा स्थापित की जाएगी। यह प्रतिमा तैयार हो चुकी है। जल्द करनाल लाई जाएगी। भाजपा के जिलाध्यसक्ष प्रवीण लाठर ने कहा कि आज समाज को समानता के आधार पर चलने की जरूरत हैं।



तरावड़ी। मंडी गेंहू की लोडिग़ का कार्य शुरू करते मंडी आढ़ती व हैफेड के अधिकारी फोटो : हरिभूमि

## आढ़ती एसोसिएशन ने किया शुक्रवार से गेहूं की लिफ्टिंग का कार्य शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तरावड़ी

तरावड़ी अनाज मंडी में गेहूं की आवक जोरों पर है दिन प्रतिदिन आवक बढ़ती जा रही है लेकिन आज के मौसम को देखते हुए किसानों की धडक़नें बढ़ गई हैं मौसम खराब हो चुका है शाम को हल्की बरसात शुरू हो गई हैं । मंडी में फसल का कोई नुकसान ना हो व आढ़ती को भी कोई नुकसान ना हो इसके लिए आढ़ती एसोसिएशन ने आज से गेहूं की लिफ्टिंग का कार्य शुरू कर दिया है। इस मौके पर आढ़ती एसोसिएशन के सदस्य एवं हैफे ड के अधिकारी ब्रिज शर्मा एवं राजकुमार ने बताया कि आज से हैफेड ने लिफ्टिंग का कार्य शुरू कर दिया है। जितनी भी मंडी में हैफेड ने गेहूं खरीदी है उसकी लोडिग़ जोरों शोरों से शुरू कर दी है ताकि मंडी में व्यवस्था दुरुस्त बनी रहे और फसल का नुकसान ना हो। आज लिफ्टिंग के कार्य को शुरू करने से पूर्व आढ़ती भाई ने लड्डुओं का प्रसाद बांटकर इस शुभ कार्य का प्रारंभ किया। इस अवसर पर मंडी के समाजसेवी आढ़ती भाई भगवान दास , सौरभ गर्ग, पवन कुमार, बृजभूषण एवं एसोसिएशन के सदस्य व मंडी लिफ्टिंग के ठेकेदार रमेश कुमार मौजूद थे।

# मांगों को लेकर भड़के कर्मचारी

- कौशल विभाग से हटाए गए कर्मचारियों को तुरंत प्रभाव से वापस लेने की मांग
- मांगों को लेकर कर्मचारियों ने किया जोरदार विरोध प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल



करनाल। अपनी मांगों को लेकर रोष व्यक्त करते कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

सर्व कर्मचारी संघ के बैनर तले कौशल हरियाणा कौशल रोजगार निगम को रद्द करने व कौशल विभाग से हटाए गए कर्मचारियों को तुरंत प्रभाव से वापस लेने की मांग को लेकर कर्मचारियों ने जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। फव्वारा पार्क में सभा करने के बाद प्रदर्शन करते कर्मचारी जिला सचिवालय पहुंचे। यहां तहसीलदार को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया। कर्मचारियों की अगुवाई सर्व कर्मचारी संघ के जिला प्रधान सुशील गुर्जर सिरसी व सचिव सेवाराम बड़सर ने की। सुशील गुर्जर ने कहा कि सर्व कर्मचारी संघ ने पूरे प्रदेश में मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन देते हुए कौशल को रद्द करने कौशल विभाग से हटाए हुए कर्मचारियों को तुरंत प्रभाव से वापस लेने व सैलरी समय पर देने मांग की है। उन्होंने कहा कि जब से कौशल विभाग का निर्माण सरकार द्वारा किया गया है तब से ही सर्व कर्मचारी संघ कौशल विभाग बनाए जाने का विरोध लगातार कर रहा है।

### लवित ने मैथ ओलिम्पियाड में जीता गोल्ड मेडल

**करनाल।** करनाल के शिवशक्ति मिशन सकूल के तीसरी क्लास में पढने वाले छात्र लवित वशिष्ठ ने गणित ओलिम्पियाड में स्वर्ण पदक जीत कर जिले का नाम रोशन किया हैं। इस छात्र में दूसरा स्थान प्राप्त किया हैं। यह परीक्षा इंटरनैशनल स्तर पर ली जाती हैं। इसमें लाखों बच्चे भाग लेते हैं। इस परीक्षा में दूसरा स्थान प्राप्त करनाअपने आप में उल्लेखनीय उपलब्धि हैं। लवित को इसे उपलब्धि के लिए स्कूल के प्रचार्य ने सम्मानित किया। लवित शुरू से ही मेघावी छात्र रहा हैं। परिजनों तथा स्कूल के स्टाफ ने लवित को बधाई दी हैं।

## हनुमान जन्मोत्सव कार्यक्रम आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तरावड़ी




तरावड़ी। हनुमान मंदिर की सजावट व मंदिर मे विराजमान हनुमान जी महाराज।

अग्रवाल सभा तरावड़ी की ओर से हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी मेंन बाजार हनुमान मंदिर में हनुमान जन्मोत्सव 12 अप्रैल को बड़ी श्रद्धा धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। इस अवसर पर मंदिर के सदस्य एवं अग्रवाल सभा के सदस्य संजय बंसल, सुशील कुमार एवं चमन सिंगला ने बताया कि हनुमान मंदिर में जन्मोत्सव के अवसर पर दो दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। जिसमें शुक्रवार 11 अप्रैल को सुबह श्री रामायण पाठ रखा गया जिसका भोग व आरती 12 अप्रैल को सुबह 8:00 बजे होगी। उसके तत्पश्चात हवन यज्ञ किया जाएगा एवं दोपहर को विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। शनिवार सांय श्री बालाजी चौकी का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। जिसमें करनाल एवं कुरुक्षेत्र से प्रसिद्ध भजन गायकों द्वारा बालाजी के भजनों व सुंदर-सुंदर झांकियां का आयोजन किया जाएगा। जिसमे अग्रवाल सभा के प्रधान एवं उद्योगपति रमेश चन्द गुप्ता बाला जी महाराज के उत्सव मे ज्योति प्रंचड करेगें। सभा के सदस्यों ने सभी भक्तजनों से निवेदन किया है इस शुभ अवसर पर अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर श्री हनुमान जी का आशीर्वाद प्राप्त करें।

### बैसाखी पर्व 14 को मनाया जाएगा

**करनाल।** खालसा पंथ के सृजन दिवस वैशाखी पर्व धूम धाम से मनाया जायेगा। मुख्य कार्यक्रम डेरा कार सेवा मे प्रमुख जत्थेदार बाबा सूक्खा सिंह जी के मार्गदर्शन मे गुरु पर्व प्रवन्धक कमेटी के तत्वावधान मे 14 अप्रैल को मनाया जायेगा। यह जानकारी गुरुद्वारा डेरा कारसेवा के प्रमुख बाबा सुक्खा सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि इस अवसर पर दीवान सजाया जायेगा। देश विदेश से रागी, धाडी जत्थे प्रचारक पहुँच रहे है। वह गुरु की महिमा का बखान करेंगे। इस अवसर पर गुरु का अटूट लंगर बरता जायेगा। इस अवसर पर दस्तार वंदी के साथ अमृत छकाया जायेगा। इस दिवस पर गुरुद्वारो को आकर्षक सजाया जायेगा। सभी संगत से अधिक से अधिक संख्या मे पहुँचने की अपील की है।



करनाल। संविधान की प्रस्तावना की शपथ लेते स्वयंसेवक।

### स्वयंसेवकों ने ली संविधान की प्रस्तावना की शपथ

**करनाल।** डॉ. बी.ऑर. अंबेडकर जयंती के उपलक्ष्य में पंडित चिरंजी लाल शर्मा राजकीय महाविद्यालय सैक्टर-14, करनाल मे डॉ. बी.ऑर. अंबेडकर जयंती के उपलक्ष्य में महाविद्यालय के परिसर में एन.एस.एस. द्वारा विभिन्न प्रतिस्पर्धाएं करवाई गई और शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन भी हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय प्राचार्या डॉ रेखा त्यागी द्वारा किया गया। प्राचार्या डॉ रेखा त्यागी, एन.एस.एस. प्रभारी राजेश रंगा और राजेश घासी एवं सभी स्वयंसेवकों द्वारा संविधान की प्रस्तावना की शपथ ली गई। इसके पश्चात प्राचार्या डॉ रेखा त्यागी द्वारा बाबासाहेब के जीवन और उनके जीवन की विभिन्न उपलब्धियों के बारे में बताया। कार्यक्रम की पहली प्रतियोगिता काव्य पाठन रही जिसमें सभी एन.एस.एस. के सभी स्वयंसेवकों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। जिसके पश्चात प्रश्नोत्री प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें बाबासाहेब के जीवन एवं संविधान पर आधारित प्रश्न पूछे गए।

## प्रधानमंत्री आवास योजना-2.0 के तहत नगर निगम में आए 975 आवेदन, टीम आवेदनों की कर रही जांच

- बेघर व्यक्तियों का घर बनाने का सपना होगा पूरा, पक्का मकान बनाने के लिए 2.50 लाख रुपये की मिलेगी अनुदान राशि, ऑनलाईन करना होगा आवेदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल



करनाल। नेहरू पैलेस स्थित कार्यालय में दस्तावेजों की जांच करते कर्मचारी।

नगर निगम करनाल क्षेत्र के बेघर लोगों के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी- 2.0 के तहत ऑनलाईन आवेदन करने की प्रक्रिया जारी है। नागरिक पीएमएवाई 2.0 पोर्टल के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। इसे लेकर शहर में घर बनाने की चाहत रखने वाले तथा पक्का मकान बनाने के लिए 975 आवेदन प्राप्त हुए हैं। शुक्रवार को यह जानकारी नगर निगम आयुक्त डॉ. वैशाली शर्मा ने दी। उन्होंने बताया कि नगर निगम के नेहरू पैलेस स्थित कार्यालय में इन आवेदनों की जांच की जा रही है। जिन आवेदनकर्ताओं के दस्तावेज पूर्ण हैं, उन्हें फोन करके ऑफलाईन माध्यम से दस्तावेज जमा करवाए जा रहे हैं, ताकि सम्बंधित फाईल को सत्यापन के लिए भेजा जा सके। उन्होंने बताया कि सम्बंधित वार्ड के कनिष्ठ अभियंता मौके पर जाकर देखेंगे कि उनके पास प्लॉट हैं या कच्चा मकान और यह अधिकृत क्षेत्र में आता है या नहीं, इनकी जांच की जाएगी। अगर सब सही पाया जाता है, तो उनकी फाईल को सत्यापित कर डी.पी.आर. तैयार करने के लिए शहरी स्थानीय निकाय निदेशालय को प्रेषित कर दी जाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि जिस भी आवेदनकर्ता के पास मलकियत का सबूत यानि रजिस्ट्री, हस्तांतरण विलेख, जमाबंदी या इंतकाल जैसे मलकियत के दस्तावेज नहीं होंगे और प्लॉट या कच्चा मकान अधिकृत क्षेत्र से बाहर होगा, उसे इस योजना का लाभ नहीं मिलेगा। उन्होंने बताया कि आवेदनों की जांच के दौरान पाया गया है कि काफी लोगों के प्लॉट नगर निगम क्षेत्र से बाहर हैं, ऐसे लोगों को भी योजना का लाभ नहीं दिया जाएगा। निगमायुक्त ने बताया कि इस योजना की विशेष बात यह है कि इसमें केवल बीपीएल ही नहीं बल्कि अन्य मध्यम वर्गीय परिवार भी अटल सेवा केन्द्र से ऑनलाईन आवेदन कर सकते हैं।

## साइक्लोथोन यात्रा के लिए 'नशा मुक्ति हरियाणा गीत' को उपायुक्त ने किया लांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

- 17 अप्रैल को करनाल में करेगी प्रवेश, जगह-जगह होगा भव्य स्वागत, 18 अप्रैल को प्रात: 6 बजे एनडीआरआई चौंक से यमुनानगर के लिए यात्रा होगी रवाना




करनाल। नशा मुक्ति हरियाणा गीत' को लांच करते उपायुक्त उत्तम सिंह।

सूचना, जनसंपर्क एवं भाषा विभाग के तत्वाधान में जन जागरूकता की मुहिम के तहत जिला सूचना एवं जन संपर्क विभाग द्वारा तैयार किया गया 'नशा मुक्ति हरियाणा गीत' शुक्रवार को उपायुक्त उत्तम सिंह ने उपायुक्त कार्यालय में लांच किया। इस गीत को जिला सूचना एवं जन संपर्क कार्यालय करनाल में कार्यरत कलाकार हेमंत शर्मा ने गाया है, यह गीत नशे के खिलाफ जन जागरूकता में अहम भूमिका अदा करेगा। इस मौके पर उपायुक्त उत्तम सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा नशे के खिलाफ हिसार से साइक्लोथॉन 2.0 यात्रा की शुरूआत की गई है, जो नशे के खिलाफ अपना संदेश देती हुई हरियाणा के प्रत्येक जिले से होकर गुजर रही है।

## बैसाखी पर्व पर आयोजित कार्यक्रम में बच्चों ने किया नृत्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल



डीएवी पब्लिक स्कूल सेक्टर नौ में बैसाखी के उपलक्ष्य में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बच्चों ने बढ़ चढक़र भाग लिया। छात्र-छात्राओं ने रंग बिरंगी पोशाकें पहनकर 'आई बैसाखी मुक गई कनका दी राखी'..... जट्टा आई बैसाखी आदि गानों पर भांगड़ा और गिद्दा नृत्य करके सब का मन मोह लिया। नन्हे मुन्ने बच्चों द्वारा किया गया भांगड़ा इस कार्यक्रम का आकर्षण रहा। स्कूल की मुख्य अध्यापिका अंजना पांडे ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि बैसाखी का त्यौहार फसल के मौसम के आगमन का स्वागत करने के लिए समर्पित है। बैसाखी आनंद और मनोरंजन का त्यौहार है । इस त्यौहार पर जगह-जगह मेलों का आयोजन किया जाता है ।



### नारी शिक्षा व वंचितों की आवाज थे ज्योतिबा फुले

**करनाल।** डीएवी पीजी कॉलेज के जनसंचार, पत्रकारिता विभाग एवं राजनीति विज्ञान विभाग के संयुक्त तत्वावधान में महान समाज सुधारक महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में उनकी तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर उन्हें याद करते हुए प्राचार्य प्रोफेसर रामपाल सैनी ने विद्यार्थियों को कहा कि महात्मा ज्योतिबा फुले नारी शिक्षा,वंचितों की आवाज,समानता,न्याय और सामाजिक क्रांति के प्रकाश स्तंभ थे, जिन्होंने सामाजिक विषमताओं और भेदभाव के विरुद्ध नवजागरण की अलख जगा कर समाजोत्थान, वंचितों का कल्याण और महिला सशक्तिकरण को सुनिश्चित करने में अपना जीवन समर्पित कर दिया। उन्होंने कहा कि नारी शिक्षा की देश में अलख जगाने वाले ज्योतिबा फुले और उनकी पत्नी सावित्री बाई फुले का समाज निर्माण में बहुत बड़ा योगदान है। जिनके मानवतावादी अमूल्य विचार एवं समाज सुधार के कार्य हमें समाज के अंतिम व्यक्ति के उत्थान के लिए सदैव प्रेरित करते रहेंगे। उन्होंने जनजागरण के अनेक कार्य किए जिन्होंने बड़े स्तर पर लोगों को जागरूक करने का काम किया।

### आमजन की समस्याओं का अधिकारी समय से करें समाधान

# डीसी ने ली समाधान शिविरों की समीक्षा बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल



करनाल। लघु सचिवालय के सभागार में समाधान शिविर से संबंधित समीक्षा बैठक में अधिकारियों को संबोधित करते उपायुक्त।

उपायुक्त उत्तम सिंह ने कहा कि आमजन की समस्याओं के समाधान के लिए लगाए जा रहे समाधान शिविरों से संबंधित समस्याओं का तय समय सीमा के अंदर समाधान होना चाहिए तथा उसकी रिपोर्ट पोर्टल पर अपलोड होनी चाहिए।

उपायुक्त उत्तम सिंह शुक्रवार को स्थानीय लघु सचिवालय के सभागार में समाधान शिविर से संबंधित समीक्षा बैठक में अधिकारियों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने सभी विभागों के अधिकारियों से क्रमानुसार समाधान शिविरों में लंबित मामलों की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार के निर्देशानुसार अब समाधान शिविर सोमवार और वीरवार प्रातः 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक संबंधित जगहों पर आयोजित होंगे, समाधान शिविर की समीक्षा हर शुक्रवार होगी। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी समय-समय पर समाधान शिविर से संबंधित वीसी के माध्यम से बैठक करते हैं तथा सभी विभागों के बारे में जानकारी लेते हैं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि सोमवार और वीरवार दोनों दिन तय समय के अंदर समाधान शिविर में उपस्थित रहें तथा आमजन की समस्याओं का समाधान करें। उन्होंने कहा कि जो समस्याएं अगर किसी विभाग से संबंधित नहीं हैं और आपको पोर्टल पर आ गई हैं तो संबंधित विभाग को लिखकर उसे भेज दें। अधिकारियों को अगर पोर्टल से संबंधित और समस्याओं के विवरण से संबंधित जानकारी प्राप्त करनी है तो वे नगराधीश कार्यालय से संपर्क कर सकते हैं। समाधान शिविर से संबंधित किसी प्रकार की कोई लापरवाही सहन नहीं की जाएगी, समस्याओं का समाधान जो मौके पर हो सकता है, उसे मौके पर करें ताकि आमजन को सुविधा का लाभ मिल सके। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक गंगाराम पूनिया, एसडीएम घरौंडा राजेश सोनी, एसडीएम नीलोखेड़ी अशोक कुमार सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### ओटीएस योजना का लाभ लें व्यापारी

**पानीपत।** उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया ने जिले के व्यापारियों से आह्वान किया कि वे जीएसटी विभाग की एकमुश्त निपटान योजना-2025 का लाभ उठाएं। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सेनी ने व्यापारियों विशेषकर छोटे व्यापारियों के हित को देखते हुए यह योजना शुरू की है। ओटीएस करदाताओं को पुराने वित्तीय बोझ से मुक्ति दिलाकर नई शुरुआत करने का अवसर देगी। वहीं, एकमुश्त निपटान योजना में व्यापारियों को कर पर लगाए गए ब्याज और जुर्माने की छूट मिलेगी।

### किसान सभा ने स्थापना दिवस मनाया

**पानीपत।** अखिल भारतीय किसान सभा जिला कमेटी के नेतृत्व में जिला कार्यालय गीता कॉलोनी में अखिल भारतीय किसान सभा का 89वां स्थापना दिवस झंडा फहराकर बनाया गया। सभा की अध्यक्षता जिला प्रधान डॉ सुरेंद्र मलिक और संचालन जिला सचिव राजपाल गाहल्याण ने किया। इस अवसर पर दिलावर सिंह राठी, सीताराम शर्मा, रामकिशन कुंडू, हरिराम शर्मा, सुरेश कुमार, मुलतान सिंह, गुलाब सिंह, कंवर सिंह छोकर, गजे सिंह, सीटू जिला प्रधान सुनील दत्त, जय भगवान, नवीन सपडा आदि मौजूद रहे।

### मेधावी खिलाड़ी को पुरस्कृत किया

**पानीपत।** सर छोटूराम हैरिटेज स्कूल की प्रधानाचार्या सुनीता मान द्वारा उन बच्चों को पुरस्कृत किया गया जिन्होंने ओपन ऑल इंडिया कराटे चैंपियनशिप में पुरस्कारों की झड़ी लगाई। इनमें से आस्था कक्षा नौवीं से स्वर्ण पदक, आदित्य कक्षा 10जी से स्वर्ण, तनुज कक्षा सात से स्वर्ण, अक्षित कक्षा पांच ने रिकॉर्ड सुपर गोल्ड, शुभम यादव, शुभम, भानू ने रजत, कक्षा छह के तनिष्क ने सिल्वर, कक्षा 10 के कृष्णा ने रजत, कक्षा आठ के दिव्यांश ने सित्वर और समीर कक्षा 10 ने कांस्य पदक जीता।

### स्कूल में बैसाखी का पर्व धूमधाम से मनाया

**पानीपत।** नूरवाला स्थित एवी पब्लिक स्कूल में आज बैसाखी का पर्व मनाया गया। जिसमें बच्चों ने कविताएं सुनाई और लड़कों लड़कियों ने बैसाखी पर्व के लिए पारंपरिक परिधान पहने और सामूहिक गीत गाए और भांगड़ा व गिद्दा भी किया गया। इस असर पर निदेशिका मधुबाला शास्त्री, निशा गोयल, ममता, गीता अरोड़ा, सपना, सिमरन, स्नेहा मदान, अंजू, सुनीता, अनु, महक, स्नेहा अरोड़ा, नंदिनी, भानुप्रिया अमिता आदि उपस्थित रहे।

### कर्मचारियों ने जोरदार प्रदर्शन किया

**पानीपत।** जन स्वास्थ्य अभियंत्रिक विभाग, लोक निर्माण विभाग, जल संसाधन एवं नहरी विभाग, नगर निगम जल मल विभाग और पंचायती राज एवं विकास विभाग, जलकर्मी के फील्ड कर्मचारियों ने हरियाणा गवर्नमैंट पीडब्लयूडी मैकेनिकल वर्करज युनियन मुख्यालय चरखी दादरी सबंध सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा जिला पानीपत के ध्वज तले मुख्यमंत्री हरियाणा के नाम नायब तहसीलदार गौरव कुमार को मांग पत्र दिया। धरना पैदल मार्च की अध्यक्षता जिला प्रधान अमरजीत मलिक और संचालन जिला सचिव नीरज शर्मा ने किया।

### जीडी गोयंका पब्लिक स्कूल में हनुमान जयंती मनाई

**पानीपत।** जीडी गोयंका पब्लिक स्कूल में हनुमान जयंती और बैसाखी मनाई गई। विद्यालय में सभी विद्यार्थियों ने हनुमान चालीसा का पाठ किया। इसके अलावा बैसाखी का पर्व भी धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर चेयरमैन अतुल जैन, डायरेक्टर मधु अग्रवाल, प्रधानाचार्या रेणुका अनेजा, वाइस चेयरमैन युवराज जैन, सीए कमल किशोर, एडवाइजर मुस्कान जैन व बलराम शर्मा आदि उपस्थित रहे।

### इसराना अनाज मंडी का निरीक्षण किया

**इसराना।** इसराना उपमंडल अधिकारी आशीष वशिष्ठ ने शुक्रवार को इसराना नई अनाज मंडी व मतलौडा मंडी का निरीक्षण कर किसानों की फसल का अपने सामने नापतोल कराया व आढ़तियों को खरीद संबंधी आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

## विधायक भड़ाना ने अनाज मंडी में पहुंचकर गेहूं खरीद का जायजा लिया

# गेहूं के एक-एक दाने की खरीद करेगी सरकार: भड़ाना

**बेचने के लिए आयी गेहूं की ढेरी से मशीन लगवाकर नमी तथा तोल की जांच की**

- विधायक भडाना ने सिविल अस्पताल का निरीक्षण कर वहां की समस्याओं से अवगत हुए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| समालखा

समालखा से विधायक मनमोहन भड़ाना ने अनाज मंडी में पहुंचकर गेहूं खरीद का जायजा लिया और मार्केटिंग बोर्ड, भारतीय खाद्य निगम तथा हैफेड के अधिकारियों से खरीद एवं गेहूं के उठान की व्यवस्थाओं की जानकारी ली। बेचने के लिए आयी गेंहू की ढेरी से मशीन लगवाकर नमी तथा तोल की जांच भी की। वहीं मनमोहन भडाना ने मंगलवार को एसडीएम अमित कुमार, मंडी प्रधान बलजीत सिंह, मार्केट कमेटी सचिव सविता जैन तथा मंडी सुपरवाईजर संदीप घनघस के साथ खरीद व्यवस्था देखने के बाद व्यापारियों से बैठक कर समस्याएं सुनीं। ढुलाई के ठेकेदार राज सिंह की भी समस्या का हल किया। उन्होंने कहा की सरकार गेहूं के एक-एक दाने की खरीद करेगी। विधायक भडाना ने सिविल अस्पताल का निरीक्षण कर वहां की समस्याओं से अवगत हुए। भडाना ने बताया कि अभि अस्पताल में स्टाफ की कमी व मशीनों की कमी है उसका मुख्यमंत्री से मिलकर जल्द ही समाधान करवाने की कोशिश करूंगा। इस अवसर पर एसडीएम अमित कुमार, मार्कीट कमेटी सचिव सविता जैन, पीए विजय शेखर, सारिक, साहब सिंह रंगा, पार्षद संजय गोयल, दीपक रुहल, सीता राम शर्मा आदि उपस्थित रहे।



समालखा की अनाज मंडी में गेहूं की खरीद की जांच करते हुए विधायक मनमोहन भडाना। फोटो :हरिभूमि

# विश्व शांति व समृद्धि को सनातन संस्कृति अपनानी होगी: डॉ. नैन

- दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में होगा भगवा त्रिशूल यात्रा का विशाल आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

अंतरराष्ट्रीय मंदिर प्रबंधक परिषद द्वारा आयोजित 120 त्रिशूलों की श्रीश्री 1008 स्वामी दयानन्द सरस्वती के श्री राम कृष्ण साधना केन्द्र, मुरथल आश्रम में नियमित चल रही महापूजन में सोनीपत विधायक निखिल मदान व अंतर्राष्ट्रीय मंदिर प्रबंधक परिषद के राष्ट्रीय महामंत्री संगठन डॉ. नवीन नैन भालसी ने शामिल होकर पूजा व जलाभिषेक किया।

वहीं डॉ. नवीन नैन भालसी ने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय मंदिर प्रबंधक परिषद द्वारा आयोजित यात्रा विश्व रिकॉर्ड के साथ 25 दिन में 12 ज्योतिर्लिंग, चार धाम, 12 शक्तिपीठ व 37 नदियों से होकर लगभग 13000 किलोमीटर की शुभयात्रा करें आश्रम पहुंची है। जबकि स्वामी दयानन्द सरस्वती ने बताया कि हमारे आराध्य ब्रह्मलीन सतगुरु प्रभुदत्त ब्रह्मचारी जी के आशीर्वाद से उन्ही की तपोस्थली झूसी प्रयागराज आश्रम में 144 वर्षों बाद आने वाले पावन पवित्र महाकुंभ में इस बार 108 त्रिशूलों का 21 दिन के नियमित महापूजन चल रहा हैं। वहीं, 18 अप्रैल को दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में सुप्रसिद्ध लोक गायक कैलाश खेर व शिव भजनों के साथ भगवा त्रिशूल यात्रा अपने भव्य समापन के साथ इतिहास रचेगी। विश्व शांति व समृद्धि को सनातन संस्कृति अपनानी होगी।



**पानीपत।** श्री राम कृष्ण साधना केन्द्र, मुरथल आश्रम में पूजन करते हुए विधायक निखिल मदान व डॉ. नवीन नैन भालसी। फोटो :हरिभूमि

# कठोर मेहनत के बल पर मिलती है सफलता

- पाइट में ई समिट का आयोजन, रवि गुप्ता ने खूब हंसाया, उद्यमियों एवं विशेषज्ञों ने छात्रों को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| समालखा

पानीपत इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नॉलोजी (पाइट) में तीन दिवसीय आंत्रेप्रन्योर समित (ई समिट) में उद्यमियों एवं विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों को करिअर में सफलता के टिप्स दिए। वहीं, स्टैंड अप कॉमेडियन रवि गुप्ता ने खूब हंसाया। पाइट में बीबीए विभाग की टीम हसलर्स ने इसका आयोजन किया। विद्यार्थियों ने अलग-अलग प्रतिस्पर्धाओं में डेढ़ लाख तक के पुरस्कार जीते। स्टाइलवर्क के सीईओ स्पर्श खंडेलवाल, बुकलीफ पब्लिशिंग की सहसंस्थापक शिवांगी वर्मा व स्टारलैब्स के निदेशक सनी ने स्टार्टअप यात्रा के बारे में बताया। स्टैंडअप कॉमेडियन रवि गुप्ता ने सभी को तनावमुक्त किया। पूर्व सिविल ऑफिसर एवं तथास्तु आईसीइस की संस्थापक डॉ.तनु जैन ने कहा कि कठोर मेहनत के बल पर ही सफलता मिलती है। शार्क टैंक इंडिया में पिच कर चुके उद्यमियों ने पैनल डिस्कशन से विद्यार्थियों के सवालों के जवाब दिए। फर्स्ट बड ऑर्गेनिक्स के संस्थापक मितरेश शर्मा, मॉडलवर्स एआइ के संस्थापक सृजन मेहरोत्रा एवं गांव के संस्थापक आलोक रंजन ने प्रेरित किया। विनय सिंगला व एबीएफ ब्लैकस्टोन से पुलकित वाही ने बिजनेस स्ट्रैटजी समझाईं। जॉन बॉमबर ने व्यापार और रिस्क पर बात रखी। पाइट के चेयरमैन हरिओम तायल, सचिव सुरेश तायल, वाइस चेयरमैन राकेश तायल, बोर्ड सदस्य राजीव तायल, बोर्ड सदस्य शुभम तायल, प्रतीक तायल, निदेशक डॉ.शक्ति कुमार, डीन डॉ.जेएस सैनी, डीन डॉ.बीबी शर्मा, बीबीए विभाग के अध्यक्ष डॉ.रोहित गर्ग, डॉ.पूजा गुप्ता ने प्रतिभागियों का हौसला बढ़ाया।



**समालखा।** पाइट के पदाधिकारीगण, अतिथियों का स्वागत करते हुए।

# आर्य कॉलेज के खिलाड़ियों ने गोल्ड जीता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

आर्य पीजी कॉलेज के खिलाड़ियों ने इन्टर कॉलेज वुमन चेस प्रतियोगिता में आर्य कॉलेज के खिलाड़ियों ने गोल्ड मेडल जीतकर कॉलेज का नाम रोशन किया है। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. जगदीश गुप्ता ने विजेता खिलाड़ियों का कॉलेज प्रांगण पहुंचने पर स्वागत किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस शानदार जीत के लिए प्राचार्य डॉ.जगदीश गुप्ता ने कॉलेज के शारीरिक शिक्षा विभाग के नवनियुक्त विभागध्याक्ष डॉ. राजेश टूर्ण व उनकी पूरी टीम को बधाई दी। वहीं डॉ. गुप्ता ने बताया कि कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी, कुरुक्षेत्र में आयोजित इन्टर कॉलेज वुमन चेस प्रतियोगिता में आर्य कॉलेज की महिला खिलाड़ी पूजा, तन्नु, काजल, मृदुल और सृष्टि ने गोल्ड मेडल जीतकर कॉलेज का नाम रोशन किया है। उन्होंने बताया कि कॉलेज के इन खिलाडिय़ों का चयन ऑल इंडिया इन्टर यूनिवर्सिटी के कोचिंग कैम्प के लिए हुआ।



**पानीपत।** आर्य कॉलेज के प्राचार्य डॉ. जगदीश गुप्ता के साथ विजेता खिलाड़ी।

**सात दिवसीय श्रीराम कथा का भव्य आयोजन**

# युवाओं को मादक पदार्थों के विरूद्ध जागरूक किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| समालखा

श्री सिद्धपीठ दुर्गा माता मंदिर माता पुली रोड, में दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान की ओर से सात दिवसीय श्रीराम कथा का भव्य आयोजन किया के अवसर पर षष्ठम दिवस में दिव्य गुरु श्री आशुतोष महाराज की शिष्या साध्वी सुश्री दिवेशा भारती जी ने सुंदरकांड प्रसंग को बहुत रोचक ढंग से प्रस्तुत करने के साथ-साथ उसमें निहित आध्यात्मिक रहस्यों को भी उजागर करते हुए युवा वर्ग को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागृत किया। उन्होंने कहा युवा हमारे देश की रीड की हड्डी है। इसके मद्देनजर युवाओं को देश, समाज, मानवता की सेवा करनी चाहिए। इस अवसर पर प्रोग्राम के संयोजक एवं प्रधान श्री सिद्ध पीठ दुर्गा माता मंदिर के प्रधान अनिल बेनीवाल, जगदीश रमन, लाला संजय गोयल, सुनील मित्तल, भीम सिंह बैनीवाल, डॉ जगदीश ढींगरा, अनिता बेनीवाल, शकुंतला देवी, प्रेमलता शर्मा, सतबीर बेनीवाल आदि मौजूद रहे।



**समालखा।** श्री सिद्धपीठ दुर्गा माता मंदिर में श्रीराम कथा में रामायण का पूजन करते हुए श्रद्धालु। फोटो :हरिभूमि

# धूमधाम के साथ निकाली जाएगी शोभायात्रा

- यात्रा में 51 फीट का ध्वज भी पानीपत नगर के लोगो को पूजा करने का एवं दर्शन करने का अवसर भी मिलेगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

श्री अवध धाम हनुमंत जन्मोत्सव एवं श्री अवध धाम मंदिर वार्षिक महोत्सव के तत्वावधान में आयोजित पानीपत के ऐतिहासिक किले से ऐतिहासिक हनुमंत ध्वज रथ शोभायात्रा बड़े धूमधाम के साथ शनिवार को हनुमान जयंती उपलक्ष में निकाली जाएगी। जिसमें पावन कृपा अयोध्या में स्थित हनुमानगढ़ी के श्री हनुमान महाराज की रहेगी साथ ही कार्यक्रम की अध्यक्षता श्री अवध धाम मंदिर के परमाध्यक्ष दाऊजी महाराज एवं राधे राधे महाराज का सानिध्य हम सबको इस कार्यक्रम में देखने को मिलेगा। जहां इस कार्यक्रम के तहत इतिहास की सबसे बड़ी पदयात्रा निकाली जाएगी साथ ही उसे यात्रा में 51 फीट का ध्वज भी पानीपत नगर के लोगो को पूजा करने का एवं दर्शन करने का अवसर भी मिलेगा। उक्त बात आज श्री अवध धाम सेवा समिति एवं अवध धाम हनुमंत सेवा समिति के संयोजक प्रसिद्ध समाज सेबी संजय अग्रवाल ने कही। इस अवसर पर श्री अवध धाम हनुमत जन्मोत्सव समिति के सहसंयोजक सुरेंद्र गर्ग, सुरेश काबरा, दाऊजी महाराज संजय अग्रवाल डॉ.रमेश चुग अशोक नारंग, प्रीतम गुर्जर, रविंद्र सैनी, महेश थारेजा, स्वामी नरेसानंद आदि उपस्थित रहे।



**पानीपत।** श्री अवध धाम हनुमंत जन्मोत्सव को लेकर प्रेस वार्ता करते हुए दाऊजी महाराज। फोटो :हरिभूमि

# केओएनई के ऑफिस का भव्य शुभारंभ हुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

ऐलिवेटर, ऐस्केलेटर और ऑटोमेशन सॉल्यूशन प्रदान करने वाली अग्रणी कंपनी केओएनई ऐलिवेटर इंडिया ने पानीपत में एक नया कार्यालय खोला है। इस कार्यालय का शुभारंभ विधायक प्रमोद विज ने किया। वहीं इस कार्यालय से प्रदेश के पानीपत, अंबाला, कुरुक्षेत्र, करनाल, हिसार, कैथल, सिरसा, यमुनानगर, सोनीपत, रोहतक, भिवानी, जींद और फतेहाबाद सहित प्रमुख शहरों में कार्यरत सेल्स, इंस्टॉलेशन,



सर्विस और मॉडर्नाइजे़शन टीमों को सपोर्ट मिलेगा। नए दफ्तर के उद्घाटन के अवसर पर केओएनई इंडिया और दक्षिण एशिया के प्रबंध निदेशक अमित गोसाईं आदि उपस्थित रहे।

# एडवांस्ड लाइफ सपोर्ट एंबुलेंस भेंट की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

"संरक्षण के मूल मूल्य को प्रदर्शित करते हुए इंडियन ऑइल की पानीपत रिफाइनरी एवं पेट्रोकेमिकल कॉम्प्लेक्स द्वारा अपनी निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व पहल के तहत, सिविल अस्पताल, पानीपत को उनके निवेदन के आधार पर एक एडवांस्ड लाइफ सपोर्ट एंबुलेंस भेंट की है। इस एंबुलेंस का फ्लेग ऑफ एमएल डहरिया, कार्यकारी निदेशक व रिफ़ाइनरी प्रमुख, पीआरपीसी के द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में डॉ विजय मालिक, सिविल सर्जन, पानीपत, डॉ श्यामलाल, वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी, सिविल अस्पताल, पानीपत एवं डॉ अमित की खास उपस्थिती रही। साथ ही मे कार्यक्रम में ओमप्रकाश, मुख्य महाप्रबंधक (मानव संसाधन) विवेक नारायण, महाप्रबंधक (मानव संसाधन) उपस्थित रहे। वहीं, एमएल डहरिया ने इंडियन ऑयल की सामाजिक सेवा के प्रति प्रतिबद्धता को रेखांकित करते हुए कहा कि स्वास्थ्य सेवा हमारे निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व का प्रमुख क्षेत्र रहा है, और ये एडवांस्ड लाइफ सपोर्ट एंबुलेंस पानीपत जिले में चिकित्सा सेवाओं को सशक्त बनाएंगी। ये एंबुलेंस गंभीर रोगियों को अस्पताल तक ले जाते समय उन्नत जीवन रक्षक उपचार और देखभाल प्राप्त करने में सहायक सिद्ध होंगी।



पानीपत स्वास्थ्य विभाग को एंबुलेंस सौंपते हुए एमएल डहरिया, कार्यकारी निदेशक एवं रिफ़ाइनरी प्रमुख, पीआरपीसी। फोटो : हरिभूमि

### रेडक्रास का निरीक्षण किया

**पानीपत।** भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी हरियाणा राज्य शाखा चंडीगढ़ के महासचिव डॉ मुकेश अग्रवाल रेडक्रॉस सोसाइटी पानीपत द्वारा चलाए जा रहे रक्त बैंक का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने रेडक्रास भवन में रक्त सैंटर, सेंट जॉन गतिविधियां, कम्प्यूटर सैंटर, टी.आई. प्रोजेक्ट व दिव्यांगजनों को उपलब्ध करवाई जा सुविधाओं की जानकारी हासिल की। रेडक्रास जिला प्रशिक्षण अधिकारी हरमेश चंद, रक्त बैंक प्रभारी डॉ पूजा सिंगल, निदेशक रेडक्रॉस कंप्यूटर ट्रेनिंग सेंटर, यूथ रेडक्रॉस समिति के सदस्य श्याम व डॉ. अंकुर आदि उपस्थित रहे।

### महात्मा फूले को श्रद्धांजलि दी

**पानीपत।** महिला सशक्तिकरण और महिला शिक्षा के अग्रदूत महान क्रांतिकारी नेता महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती आर्य बाल भारती स्कूल परिसर में पूरी श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ अशोक आर्य, आर्य समाज काबडी के उप प्रधान ओमदत्त आर्य, उप प्राचार्य जगदीश आर्य, योग शिक्षक प्रवीन आर्य, टीचर्स व स्टूडेंट्स उपस्थित रहे।

**न्यायालय तहसीलदार-कम-संयुक्त सब रजिस्ट्रार, पानीपत**

**श्री शमेर सिंह उर्फ सुमेर सिंह पुत्र श्री मग्गर सिंह निवासी मकान नं 18, सनोली रोड, तहसील व जिला पानीपत।**

**बनाम जनरल पब्लिक**

इस इश्तहार के माध्यम से हर आम व खास को सूचित किया जाता है कि श्री सम्प्रीत सिंह पुत्र स्व0 श्री मुखत्यार सिंह पुत्र श्री शमेर सिंह उर्फ सुमेर सिंह निवासी मकान न0.18/7, सनोली रोड, तहसील व जिला पानीपत ने दस्तावेज बाबत जायदाद को परिवर्तित करने हेतु इस कार्यालय मे पेश किया है। जिसमें स्पष्ट रूप मे बताया गया है। यह कि प्रार्थी के दादा श्री शमेर सिंह उर्फ सुमेर सिंह पुत्र श्री मग्गर सिंह का देहान्त दिनांक 23/02/2010 को हो चुका है उक्त की मृत्यु उपरान्त उनके निम्न वारिस/उत्तराधिकारी दर्शाये गये है। पटवारी हल्का तथा निगम पार्षद द्वारा भी अपनी रिर्पोट मे इन्ही वारसान की तसदीक की गई है। यह है कि प्रार्थी कि दादी श्रीमति स्वर्ण कौर पत्नी श्री शमेर सिंह उर्फ सुमेर सिंह का देहान्त 21/03/2020 में हो चुका है व परदादी श्रीमति बीरो कौर पत्नी श्री मग्गर सिंह का देहान्त काफी अरसे पहले हो चुका है यह है कि प्रार्थी के दादा श्री शमेर सिंह उर्फ सुमेर सिंह पुत्र श्री मग्गर सिंह के देहान्त के बाद 4 ही जायज वारिस है- 1 अवतार सिंह (पुत्र) 2. प्रीतम सिंह (पुत्र) 3. मुखत्यार सिंह (मृतक पुत्र) 4. जसबीर कौर (पुत्री) लेट श्री शमेर सिंह उर्फ सुमेर सिंह पुत्र श्री मग्गर सिंह के है। यह है कि स्व0 श्री मुखत्यार सिंह पुत्र श्री शमेर सिंह उर्फ सुमेर सिंह पुत्र श्री मग्गर सिंह को मृत्यु दिनांक 25/11/2002 को हो चुकी है। यह है स्व0 श्री मुखत्यार सिंह पुत्र श्री शमेर सिंह उर्फ सुमेर सिंह की मृत्यु उपरान्त 2 ही जायज वारिस है-1. पलविन्द्र कौर (विधवा) 2. सम्प्रीत सिंह (पुत्र) लेट श्री मुखत्यार सिंह पुत्र श्री शमेर सिंह उर्फ सुमेर सिंह पुत्र श्री मग्गर सिंह है इनके इलावा अन्य कोइ वारिस नही है। इनके इलावा मृतक का अन्य कोई भी वारिस नही है। जिसके सम्बंध मे प्रार्थी ने शपथपत्र भी प्रस्तुत किया है। इसलिये हर आम व खास को इश्तहार/नोटिस के माध्यम से सुचित किया जाता है कि उपरोक्त मृतक के बताये गये वारिसों के बाबत काई शक एवं एतराज हो तो वह स्वय/अधिवक्ता के माध्यम से इस नोटिस के प्रकाशन के उपरान्त 15 दिन के अन्दर-2 इस कार्यालय मे कार्य दिवस के दिन अपनी आपत्ति पेश कर सकता है। अन्यथा उपरोक्त तथ्यो के आधार पर दस्तावेज का पंजीकरण कर दिया जायेगा। यह नोटिस बाबत इश्तहार आज दिनांक 08/04/2025 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मोहर द्वारा जारी किया गया।

**तहसीलदार-कम संयुक्त सब रजिस्ट्रार, पानीपत**

## विकसित भारत बनाने को जरूरी है एक राष्ट्र, एक चुनाव : डॉ. राजवीर आर्य

# ज्योतिबा फूले के प्रयासों से ही अंतरिक्ष में जा रही है नारी: सैनी

- महात्मा फुले की जयंती समारोह में लोगों को संबोधित किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

आज संसार के सभी कार्यों में महिलाएं बढ़-चढ़कर भाग ले रही हैं, वे जहां लड़ाकू जहाज चलाती हैं वहीं सुनीता विलियम, कल्पना चावला की तरह अंतरिक्ष में जाकर मानव कल्याण के लिए नए नए आविष्कार कर रही है। यह शब्द सिंचाई विभाग में अधीक्षण अभियंता सुरेश सैनी ने गांव सौदापुर में महात्मा ज्योतिबा फुले जन कल्याण समिति द्वारा महात्मा फुले की जयंती समारोह में लोगों को संबोधित करते हुए कहे कार्यक्रम की अध्यक्षता समिति के महासचिव दलवीर आर्य ने की। इस अवसर पर समिति के उप प्रधान गोविंद सैनी, कोषाध्यक्ष रामगोपाल सैनी, मुख्य सलाहकार सतीश सैनी, एक राष्ट्र, एक चुनाव समिति के कुरुक्षेत्र विभाग संयोजक डॉ. राजवीर आर्य, विद्यालय के प्रिंसिपल बाला चंद सैनी, ब्लॉक समिति अध्यक्ष सुरेंद्र खारी, जिला परिषद सदस्य आकाश पौड़िया, सोदापुर सरपंच अजय कुमार, ब्लॉक समिति सदस्य राजू बिल्ला सम्मानित अतिथि के रूप के रूप में उपस्थित रहे। वहीं, एक राष्ट्र, एक चुनाव समिति के कुरुक्षेत्र विभाग संयोजक डॉ. राजवीर आर्य ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए एक राष्ट्र, एक चुनाव के सिद्धांत को अपनाना पड़ेगा। इस अवसर पर प्रतिभा सैनी ललिता प्रियांशी शिवम रजनी शर्मा, एकांश ललित, प्रियांशी, प्रिंसिपल बालचंद सैनी, अमन सैनी, दिलबाग, बलविंदर सैनी, सतीश , बलराज सैनी, शेर सिंह , रामगोपाल , हैरी, राजेश, आदित्य वीर, ऋतुी आदि उपस्थित रहे।



**पानीपत।** महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती पर मेधावी छात्रा को सम्मानित करते हुए अतिथिगण। फोटो :हरिभूमि

## खबर संक्षेप

### अवैध पिस्तौल व जिंदा कारतूस के साथ काबू

**जींद।** सीआईए स्टाफ ने गांव खरकरामजी के निकट एक युवक को काबू कर उसके कब्जे से एक पिस्तौल तथा एक जिंदा कारतूस बरामद किया है। सदर थाना पुलिस आरोपित से पूछताछ कर रही है। सीआइए स्टाफ कर्मी खरकरामजी की तरफ गश्त रहे थे। उसी दौरान गांव के निकट ही एक युवक पुलिसकर्मियों को देख कर भागने लगा। पुलिसकर्मियों ने पीछा कर युवक को काबू कर लिया। युवक की तलाशी ली गई तो उसके कब्जे से एक पिस्तौल तथा एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ।

### फिरौती के लिए फायरिंग करने का आरोपी दबोचा

**कैथल।** पूंडरी में फिरौती के लिए एक दुकान पर फायरिंग करने के मामले में स्पेशल डिटेक्टिव युनिट प्रभारी एसआई रमेश कुमार की अगुवाई एसआई सुभाष की टीम द्वारा आरोपी कैथला खुर्द जिला कुरुक्षेत्र निवासी कमलजीत को नियमानुसार गिरफ्तार कर लिया गया। डीएसपी सुशील प्रकाश ने बताया कि 26 फरवरी को पूंडरी स्थित एक मिठाई दुकान के मालिक पर एक बाइक पर सवार अज्ञात युवकों द्वारा फिरौती की मांग के एवज में फायरिंग की गई थी।

### बस की चपेट में आने से युवक घायल, केस

**जींद।** सफीदों बस अड्डे पर युवक के परिवहन समिति बस की चपेट में आने से घायल होने पर शहर थाना पुलिस ने फरार बस चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया है। सिवाहा निवासी संदीप ने शिकायत में बताया कि वह दोस्त के साथ कार्यवश सफीदों गया हुआ था।

पूर्व विधायक ने गांव भरेड़ी के सैनी चौक पर स्थित महात्मा फुले की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी

# ज्योतिबा फुले ने जीवन सामाजिक समानता, शिक्षा और शोषित वर्गों के उत्थान के लिए किया समर्पितः डॉ. पवन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणगढ़

पूर्व विधायक डॉ. पवन सैनी ने गांव भरेड़ी के सैनी चौक पर स्थित महात्मा ज्योतिबा फुले के प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर आयोजित समारोह में उन्होंने महात्मा फुले के जीवन एवं उनके समाज सुधारक कार्यों पर विस्तार से प्रकाश डाला।सैनी ने कहा कि महात्मा ज्योतिराव गोविंदराव फुले न केवल एक महान समाज सुधारक थे बल्कि वे एक प्रख्यात लेखक, विचारक, शिक्षाविद, दार्शनिक और सच्चे समाजसेवी भी थे। उन्होंने अपने पूरे जीवन को सामाजिक समानता, शिक्षा और शोषित वर्गों के उत्थान के लिए समर्पित किया। उनके विचार और कार्य आज भी सामाजिक न्याय और समानता के मार्गदर्शन के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं। समाज सुधार में महात्मा फुले का योगदान और वर्तमान में उनकी प्रासंगिकता फुले ने उन्नीसवीं शताब्दी में उस समय समाज में बदलाव की नींव रखी, जब जातिगत भेदभाव, अंधविश्वास और रूढ़िवादिता चरम पर थी। उन्होंने नारी शिक्षा को प्राथमिकता दी और स्त्रियों को भी समान अधिकार दिलाने के लिए संघर्ष किया। सावित्रीबाई फुले जो उनकी पत्नी थीं उनके इस मिशन में कंधे से कंधा मिलाकर साथ चली। दोनों ने मिलकर देश का पहला बालिका विद्यालय पुणे में खोला जो कि एक ऐतिहासिक और साहसिक कदम था। डॉ. सैनी ने बताया कि महात्मा फुले का मानना था कि जब तक समाज में शिक्षा की पहुंच सभी वर्गों तक नहीं होगी, तब तक असमानता का अंत नहीं हो सकता। उन्होंने सत्यशोधक समाज की स्थापना की, जिसका उद्देश्य समाज के शोषित, वंचित और पिछड़े वर्गों को संगठित कर उन्हें उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना था। फुले ने बाल विवाह के विरोध में आवाज उठाई और विधवा पुनर्विवाह का समर्थन



नारायणगढ़। महात्मा ज्योतिबा फुले को नमन करते पूर्व विधायक।

### विचारों को अपनाने का आह्वान

उन्होंने यह भी बताया कि फुले का दर्शन इसके युग में भी उतना ही प्रासंगिक है जितना उनके समय में था। उन्होंने समाज में व्याप्त उंच-नीच, छूआछूत और अंधविश्वास के विरुद्ध संघर्ष किया और समता, स्वतंत्रता और बंधुत्व के सिद्धांतों को अपनाया।कार्यक्रम में भरेड़ी गांव के अनेक युवाओं, बुद्धिजीवियों, समाजसेवियों और गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया। सभी ने महात्मा फुले की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया और उनके विचारों को आत्मसात करने का आह्वान किया।

# बाबा साहेब व ज्योतिबा फुले की शिक्षाएं और आदर्श हमेशा करेंगे मार्ग प्रशस्त

## राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में भाषण प्रतियोगिता का आयोजन


नारायणगढ़। प्रतियोगिता में हिस्सा लेने वाले छात्र शिक्षकों के साथ।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणगढ़

राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में इतिहास विभाग के द्वारा महात्मा ज्योतिबा फुले व बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के उपलक्ष पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया । प्रतियोगिता का विषय महात्मा ज्योतिबा फुले व डॉ. अंबेडकर के जीवन संघर्ष, उपलब्धियों व कार्यों से संबंधित रहा। कार्यकारी प्राचार्य डॉ देवेंद्र ढींगरा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि महात्मा ज्योतिबा फुले ने सामाजिक कार्य करते हुए समाज का कल्याण किया और डॉ. अंबेडकर कानून के बहुत बड़े ज्ञाता थे जिन्होंने संविधान निर्माण कर इस देश को एक नई दिशा प्रदान की। इन महापुरुषों के संघर्ष को भुलाया नहीं जा सकता। इतिहास विभागाध्यक्ष प्रो. संजीव कुमार ने विद्यार्थियों को महात्मा ज्योतिबा फुले व डॉ अंबेडकर के जीवन परिचय, संघर्ष, योगदान, कार्यों और उपलब्धियों के इतिहास से परिचित करवाते हुए कहा कि इस युग में उनके आदर्शों और विचारों का बहुत महत्व है।

### बाबा साहेब को किया नमन


बराड़ा। एसएमएस पब्लिक स्कूल के प्रांगण में बैशाखी एवं डॉ भीम राव अंबेडकर की जयंती पर कार्यकम का आयोजन किया गया। इसमें प्री नर्सरी से कक्षा दूसरी के बच्चों ने भाग लिया। छोटे छोटे बच्चे सुन्दर सुंदर वेशभूषा में बहुत ही सुंदर लग रहे थे। सबसे पहले सभी ने संत बाबा मोहन सिंह के गुरुद्वारा साहिब में शब्द कीर्तन सुनकर आशीर्वाद प्राप्त किया। उसके बाद बच्चों ने गिद्दे एवं भंगड़े के माध्यम से वैशाखी का त्यौहार मनाया। कक्षा तीसरी से बारहवीं तक के बच्चों के लिए विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया जिसमे बच्चों ने भाषण एवं कविता के माध्यम से वैशाखी एवं डॉ भीम राव अंबेडकर जी की जयंती को मनाया। बच्चों ने कविता के माध्यम से जलियां वाला हत्या कांड एवं श्री गुरु गोबिंद सिंह द्वारा स्थापित खालसा पंथ के बारे मे अवगत कराया। उन्होंने सभी को समानता का पाठ पढ़ाते हुए बाबा साहब के बताए रास्ते पर चलने का संदेश दिया। स्कूल में पढने वाले पुराने बच्चे जो अपनी पिछली कक्षा में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वालो को बधाई दी।


अंबाला। मुख्य वक्ता का स्वागत करते प्रिंसिपल बाजवा व अन्य।

### छात्रों को दी डेटा एनालिसिल इन एक्सेल की जानकारी, सरकारी कॉलेज में कार्यशाला

**अंबाला।** गवर्नमेंट पीजी कॉलेज के कंप्यूटर विभाग में आईसीसी के सहयोग से एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का विषय था डेटा एनालिसिस इन एक्सेल। कार्यशाला में पंजाब यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर अनुज कुमार ने छात्रों को डाटा एनालिसिस के बारे में विस्तार से बताया। मुख्य अतिथि के कॉलेज पहुंचने पर प्रिंसिपल डॉ देशराज बाजवा ने उनका स्वागत किया। डॉ बाजवा ने कहा कि इस तरह के आयोजन छात्रों के सीखने की प्रक्रिया को आसान करते हैं। कंप्यूटर विभाग की प्रो डॉ. सरबजीत कौर ने बताया कि कार्यशाला में बीसीए व बीएससी कंप्यूटर साइंस विभाग के करीब एक सौ छात्रों ने भाग लिया। कार्यशाला के कनवीनर डॉ. आशीष जोली ने मुख्यवक्ता का धन्यवाद किया। इस मौके पर प्रो. अशोक कुमार,प्रो. पूनम व प्रो. शक्ति भी मौजूद रहे।

# जीवन में आगे बढ़ने के लिए शिक्षा के साथ खेल भी बेहद जरुरी

## श्रम विभाग के प्रधान सचिव राजीव रंजन ने छात्रों को जीवन में आगे बढ़ने के लिए किया प्रेरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

श्रम विभाग के प्रधान सचिव राजीव रंजन ने शुक्रवार को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बीसी बाजार में नौंवी कक्षा से बारवीं कक्षा के विद्यार्थियों के साथ संवाद करते हुए उन्हें जीवन में आगे बढने के लिए प्रेरित किया। यहां पहुंचने पर एसडीएम विनेश कुमार, उप निदेशक श्रम विभाग सुरेंद्र सिंह, जिला शिक्षा अधिकारी सुरेश कुमार ने मुख्य अतिथि को पुष्प गुच्छ देकर उनका अभिनंदन किया। प्रधान सचिव राजीव रंजन ने विद्यार्थियों से इंटरेक्शन सेशन के तहत उन्हें कहा कि जीवन में सफल होने के लिए किताबी ज्ञान लेना ही जरूरी नहीं है बल्कि जीवन में ऐसी चीजें भी आत्मसात करनी हैं जिसमें आप सफलता हासिल कर सकें। उन्होंने कहा कि विद्यालय में आकर हम बहुत कुछ सीखते हैं, जिसमें टीम भावना, कौशल विकास, भाषा, व्यवहार व अन्य शामिल रहते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को यह भी कहा कि हमें जो भी प्रोफेशन चुनना है उससे पहले हमें उसके बारे में पूर्ण ज्ञान होना चाहिए और जो लक्ष्य हमने चुन लिया है उससे पीछे नहीं हटना है। कड़ी मेहनत व परिश्रम करके हमें उस लक्ष्य को हासिल करना है। उन्होंने यह भी कहा कि हमें इतना सक्षम बनना है कि हम दूसरों को भी रोजगार दे सकें। रंजन ने विद्यार्थियों से सीधा संवाद किया और उनके मन में जो भी प्रश्न थे उसका उन्हें जवाब दिया। उन्होंने इस मौके पर विद्यार्थियों को सोशल स्किल, फिजिकल एक्टीविटीज, खेलों के माध्यम से टीम भावना के तहत कार्य करना व अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर भी जानकारी दी। उन्होंने यह भी कहा कि हमें आत्मनिर्भर बनकर यानि अपने पैरों पर खड़े होकर अपने जीवन रूपी लक्ष्य को हासिल करना हे और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करना है।



### ये रहे मौजूद

एसडीएम विनेश कुमार ने भी विद्यार्थियों को जीवन में आगे बढने के लिए प्रेरित किया। कहा कि उनके जीवन का जो भी लक्ष्य है उसके लिए वे कड़ी मेहनत करते हुए आगे बढ़े। मौके पर बीईओ सुदेश कुमारी, प्रिंसिपल गीता के साथ-साथ शिक्षा विभाग के अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# पीएनबी की 131वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में रक्तदान कैंप लगाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा

पंजाब नेशनल बैंक ने अपनी 131वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में एनएसएस यूनिट सहयोग से रक्तदान शिविर का आयोजन किया। इस अवसर पर विद्यार्थियों, संकाय सदस्यों और कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस शिविर में पीएनबी के मंडल प्रमुख हरिओम और एमएमयू शाखा के शाखा प्रबंधक विनीत गुलाटी विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस मौके पर उन्होंने विश्वविद्यालय द्वारा सामाजिक कल्याण के लिए किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। एमएम अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अश्विनी सूद, ब्लड बैंक के प्रमुख डॉ. एमएल कौशल और पर्यवेक्षक आशीष शर्मा ने चिकित्सा प्रबंधन और ब्लड बैंक संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। अस्पताल ब्लड बैंक टीम की निगरानी में शिविर के दौरान सभी सुरक्षा और स्वच्छता प्रोटोकॉल का विशेष ध्यान रखा गया। रक्तदाताओं के लिए जलपान और पानी की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई।कार्यक्रम का समापन सभी रक्तदाताओं और स्वयंसेवकों को धन्यवाद ज्ञापन और प्रशंसा प्रमाण पत्र वितरित कर किया गया।




# रंगिया मंडी से जीटी रोड तक फ्रेट कॉरिडोर रेलवे लाइन के साथ बनेगी नई सड़क, रेलवे से मिली मंजूरी

## परिवहन मंत्री अनिल विज बोले-वाहन चालकों को होगा बड़ा फायदा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

रंगिया मंडी से जीटी रोड तक रेलवे फ्रेट कॉरिडोर लाइन के साथ-साथ नई रोड बनाने के लिए रेलवे से मंजूरी मिल चुकी है। इस रोड के बनने से वाहन चालकों को बड़ा फायदा मिलेगा और जीटी रोड से शहर आना-जाना बहुत आसान होगा। परिवहन मंत्री अनिल विज ने शुक्रवार को इसकी जानकारी दी। इस दौरान उन्होंने छावनी में चल रहे विभिन्न विकास कार्यों को लेकर नगर परिषद अधिकारियों के साथ समीक्षा भी की। उन्होंने बताया कि नन्हेड़ा फ्लाईओवर के पास रंगिया मंडी से रोड जीटी रोड तक लगभग आधा किलोमीटर लंबी नई रोड बनाने की योजना है। नगर परिषद ने नई रोड बनाने हेतु सर्वे किया था। सर्वे के उपरांत रेलवे से रोड निर्माण हेतु मंजूरी मांगी थी जोकि मिल चुकी है। नई रोड रंगिया मंडी से जीटी रोड तक रेलवे फ्रेट कॉरिडोर लाइन के साथ-साथ बनेगी। यमुनानगर से अंबाला छावनी में प्रवेश करते समय स्वागतद्वार निर्माण, सदर चौक पर छत्रपति शिवाजी की प्रतिमा और एसडी चटर्जी फुटबॉल चौक बनाने को लेकर चर्चा की तथा कार्य जल्द प्रारंभ करने को कहा। गौरतलब है कि इन तीनों कार्य के लिए मंत्री अनिल विज ने स्वैच्छिक कोष से राशि नगर परिषद को प्रदान की थी।

### व्यापक स्तर पर सफाई के निर्देश दिए

*कैबिनेट मंत्री अनिल विज ने बरसातों से पहले अंबाला छावनी के सभी प्रमुख नालों व नालियों में साफ-सफाई के दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गुडगुडिया नाले में रेलवे लाइनों के पास सफाई कराई जाए। इसके अलावा नाले पर 12 क्रास रोड व कबाड़ी बाजार पुलिया को भी जल्द बनाया जाए। उन्होंने महेश नगर ड्रेन में सफाई तथा ड्रेन को पक्का करने का कार्य करने के निर्देश दिए।विज ने अंबाला छावनी में अलग-अलग स्थानों पर बस क्यू शैल्टर जल्द बनाने के निर्देश दिए ताकि बसों का इंतजार कर रहे यात्रियों को दिक्कत न हो। नप अधिकारियों ने बताया कि 27 प्वाइंट चिह्नित किए गए हैं जहां बस क्यू शैल्टर लगाए जाएंगे।*

### बैशाखी पर्व पर छात्रों ने जमकर की मस्ती डांस स्पर्धाओं के जरिए किया मनोरंजन

**अंबाला।** अंबाला शहर के डीएवी सीनियर सैकेंडरी पब्लिक स्कूल के प्रांगण में शुक्रवार को बैसाखी पर्व बड़ी धूमधाम से मनाया गया। हैरिटेज क्लब की इंचार्ज पूनम व हरजीत कौर ने ओउम पट पहनाकर विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. आरआर सूरी का स्वागत किया। कार्यक्रम का आरंभ आठवीं कक्षा के एक छात्र ने कविता पाठन से हुआ। दसवीं की छात्रा ने बैसाखी व जालियां वाला बाग़ पर एक सुंदर कविता की प्रस्तुति की। विद्यालय के तीसरी कक्षा के छात्र ने स्वयं ढोल बजाकर पर्व का समा बांध दिया। ढोल की ताल पर सभी झूम उठे, पांचवीं तथा छठी कक्षा के छात्रों द्वारा एक समूह नृत्य प्रस्तुत किया गया, दसवीं कक्षा की दो छात्राओं ने शास्त्रीय संगीत पर नृत्य प्रस्तुत किया। ग्यारहवीं कक्षा की दो छात्राओं ने पंजाबी गीत प्रस्तुत कर समा बांध दिया। नन्हे मुन्ने बच्चों ने पंजाबी वस्त्र पहनकर पंजाबी संस्कृति को दर्शाया, कक्षा तीसरी व चौथी के छात्रों का बैसाखी के उपलक्ष्य मे कविता पाठ प्रतियोगिता कराई गई, जिसका विषय वैसाखी, फसलों का उत्सव लिया गया। पूरे विद्यालय में मानो बैसाखी मनाने को एक उमंग सी जागृत हो गई। प्रधानाचार्य डॉ सूरी ने छात्रों को बैसाखी की ढेर सारी बधाइयां दी।

# स्वास्थ्य व स्वच्छता के लिए छात्राओं को किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा

संत मोहन सिंह गर्ल्स कॉलेज में पौष्टिक व संतुलित भोजन विषय पर एक विशेष पीपीटी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन अर्ली चाइल्ड केयर विभाग की कोऑर्डिनेटर डॉ. नवनीत कौर और इंचार्ज दीपिका के संयोजन में किया गया। कार्यक्रम के दौरान कॉलेज की छात्राओं ने पीपीटी के माध्यम से पोषण, विभिन्न विटामिनों की भूमिका और उनके आहार स्त्रोतों पर विस्तार से चर्चा की गई। इस अवसर पर प्राचार्या डॉ. इंदु विज ने छात्राओं को स्वास्थ्य और स्वच्छता के प्रति जागरूक करते कहा कि स्वास्थ्य का अर्थ केवल शारीरिक तंदुरुस्ती नहीं, बल्कि मानसिक और सामाजिक रूप से भी पूर्ण स्वस्थ रहना है। उन्होंने कहा कि स्वच्छता से हम बीमारियों के प्रसार को रोक सकते हैं और स्वस्थ वातावरण बनाए रख सकते हैं। प्रो. दीपिका ने पौष्टिक आहार के महत्व पर प्रकाश डालते कहा कि ये न सिर्फ शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए आवश्यक है, बल्कि समग्र भलाई में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।




### चेन झपटकर बाइक सवार युवक फरार

**अंबाला।** हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में दिनदहाड़े घर के गेट पर खड़ी महिला से पता पूछने के बहाने बाइक सवार दो युवक गले से चेन झपट ले गए। शातिर बदमाशों ने शुक्रवार सुबह 8 बजकर 20 मिनट पर वारदात को अंजाम दिया। ये पूरी वारदात पड़ोस में लगे सीसीटीवी के कैद हो गई। फुटेज में दिखाई दे रहा है कि हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी की 72 वर्षीय सत्यावती अपने घर के गेट पर खड़ी थी। पहले तो झपटमार गली में से गुजर रहे थे। जैसे ही उनकी नजर बुजुर्ग पर पड़ी तो वो लौट आये। पता पूछने के बहाने एक युवक बाइक से उतरकर गेट पर गया और देखते ही देखते चैन झपटकर फरार हो गया। हालांकि बुजुर्ग ने शोर मचाते हुए पीछा करना चाहा लेकिन वो ठोकर खाकर गिर गई।

# एक साल पहले हुई थी शादी, विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

मोहड़ा गांव में 24 वर्षीय नवविवाहिता कर्मजीत कौर की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतका के गले पर निशान भी मिले हैं। मायके पक्ष ने पति पर ही नवविवाहिता की गला दबाकर हत्या करने के आरोप लगाए है। कहा कि एक साल पहले फरवरी 2024 में कर्मजीत कौर की मोहड़ा में मोहित के साथ शादी हुई थी।

शादी के बाद से ससुराल वाले दहेज में कार न देने पर प्रताड़ित कर रहे थे। कर्मजीत को आदेश अस्पताल में डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया था। सूचना पाकर पड़ाव थाना पुलिस मौके पर पहुंची और अंबाला छावनी नागरिक अस्पताल में फोरेंसिक एक्सपर्ट डॉक्टर से पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया। पड़ाव थाना पुलिस ने पति मोहित सहित सास और ससुर पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी। रात को नवविवाहिता के साथ पति ने झगड़ा किया था कि डिश वह खुद लगवा सकते हैं। पड़ाव थाना प्रभारी धर्मवीर सैनी ने बताया कि उन्हें सूचना मिली थी कि मोहड़ा की एक नवविवाहिता की गला घोटकर हत्या कर दी गई है। मृतका के गले पर निशान होने के कारण पोस्टमार्टम करवाने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। पति, सास और ससुर पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### बार-बार मांग रहे थे कार

कर्मजीत कौर की मां कांता ने बताया कि उसकी बेटी की शादी 6 फरवरी 2024 को मोहड़ा निवासी मोहित के साथ हुई थी। बेटी कर्मजीत कौर ने एमए तक पढ़ाई की हुई थी। पति मोहित दिल्ली में पीएचडी की पढ़ाई कर रहा है। आरोप लगाते हुए कहा कि ससुराल पक्ष वाले दहेज में कार देने को लेकर बार-बार ताने दे रहे थे। सुबह सूचना मिली थी कि बेटी को आदेश अस्पताल में दाखिल करवा रहा है। जब पहुंचे तो देखा कि बेटी मृत अवस्था में थी। गले पर चोटों के निशान थे। आरोप लगाया कि पति मोहित ने गला दबाकर बेटी की हत्या की है। बताया जाता है कि बुधवार को नवविवाहिता का भाई कर्मवीर डिश लगाने के लिए मोहड़ा गया था। तभी ससुराल पक्ष ने डिश लगाने पर एतराज जताया। उस समय तो भाई चला गया था लेकिन पति दिल्ली से आ गया था।